हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, रविवार 10 नवंबर 2024
[ बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर ]

तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 17.0 डिग्री

10 धूमधाम से मनाया गया छठ पर्व, बंधा सरोवर पर ...

11 बस संचालकों के विरूद्ध कलेक्टर का कड़ा रुख


## खबर संक्षेप

### हाई टेंशन तार की चपेट में आने से हुई मौत

**कांकेर।** चारामा थानांतर्गत ग्राम हाराडुला राईस मिल के पास हाई टेंशन तार की चपेट में आने से चारामा निवासी 41 वर्षीय नजीत यादव का मौत हो गई। चारामा निवासी रंजीत यादव ने पुलिस को बताया कि मृतक दीवाल में चढ़कर वेल्डिंग का काम कर रहा था। हाई टेंशन तार की चपेट में आने व करंट लगने से मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### भाजपा संगठन चुनाव को लेकर 12 को होगी बैठक

**भानुप्रतापपुर।** भाजपा संगठन चुनाव को लेकर भानुप्रतापपुर में 12 नवंबर को दोपहर 12 बजे बैठक का आयोजन किया गया। आयोजित बैठक में मंडल में निवासरत भाजपा प्रदेश पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी, कार्यसमिति सदस्य, पूर्व विधायक, भाजपा मंडल पदाधिकारी, शक्ति केन्द्रो के चुनाव अधिकारी व सह अधिकारी, मोर्चा प्रदेश पदाधिकारी, जिलाध्यक्ष, मंडल संगठन पर्व सहयोगी व सह सहयोगी, मण्डल सक्रिय सदस्यता अभियान टोली, मंडल में मोर्चा प्रकोष्ठों के अध्यक्ष व महामंत्री, ग्राम पंचायत सरपंच, जनपद पंचायत अध्यक्ष व उपाध्यक्ष, सभी शक्ति केन्द्रो के संयोजक व सहसंयोजक, पोलिंग बूथ के अध्यक्ष को बैठक में उपस्थित होने आव्हान किया गया है। उक्ताशय जानकारी भाजपा मंडल महामंत्री ज्वाला प्रसाद जैन व डिगेश खापर्डे ने दी।

### वाहन अनियंत्रित होने से सड़क पर गिरकर घायल हुआ चालक, इलाज के दौरान मौत




**कांकेर।** चारामा थानांतर्गत दरगाहन के पास बाइक से नियंत्रण खोने के कारण चालक को गंभीर चोट आया था। इलाज के लिए घायल चालक को रायपुर के अस्पताल में भर्ती किया गया, लेकिन चोट गंभीर होने के कारण ईलाज के दौरान मौत होने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया। पुलिस ने विवेचना में पाया कि 1 अक्टूबर को शाम करीबन 5 बजे मृतक टिकेश्वर कांगे अपने मोटर सायकल क्रमांक सीजी 17 बी 2542 को चलाते हुए बड़ेगौरी से चारामा आ रहा था। दरगहन के पास पहुंचा था की मोटर सायकल अनियंत्रित होने से मोटर सायकल सहित रोड में गिर गया, जिससे मृतक टिकेश्वर को सिर में गंभीर चोट आया था। ईलाज के लिए रायपुर के डीकेएस सुपर स्पेशिलिटी अस्पताल में भर्ती किया गया। ईलाज के दौरान 11 नवंबर को उसकी मौत हो गई। वाहन चालक के खिलाफ पुलिस ने धारा 304 (ए) भादवि के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# फर्जी चेक मामले में बाबू के खिलाफ एफआईआर, तलाश में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दंतेवाड़ा

हरिभूमि फॉलोअप

बहुचर्चित जिला अस्पताल के 66 लाख रूपए के मामले में कार्यवाई शुरू हो गई है। विभागीय जांच के सभी बिन्दुओं को देखते हुए मुख्य आरोपी कैशियर/सहायक ग्रेड-2 के खिलाफ शनिवार की रात एफआईआर दर्ज की गई। इसके बाद पुलिस आरोपी को तलाश करने में जुट गई है। इस संबंध में थाना प्रभारी विजय बघेल ने जानकारी देते हुए कहा कि चेक के पन्ने गायब होने तथा बैंक ट्रांजक्शन को अनियमितता के आधार पर जिला अस्पताल सहायक ग्रेड-2 अभीजित सिंह चौहान के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 316, 318, 336, 338 व 340 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है आरोपी की तलाश जारी है। इसके बाद संबंधित फर्मों को नोटिस दिया जाएगा। आरोपित कर्मचारी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज होने के बाद सरताज ग्लास, सौरभ ट्रेडर्स, एम ब्रदर्स तथा आयुष इलेक्ट्रिकल के अलावा व्यक्तिगत नाम से काटे गए चेक से दी गई राशि की जांच को लेकर उक्त फर्मों को थाना से नोटिश दिया जाएगा।

## अब फर्मों की बारी, इन्हें भी मिलेगा थाना से नोटिस

### यह है मामला

जिला अस्पताल दंतेवाड़ा में तत्कालिक सिविल सर्जन कपिल कश्यप के फर्जी तहस्ताक्षर से 66 लाख रूपए की हेराफेरी किए जाने की बात सामने आई है। आरोपित कर्मचारी ने डीएमएफ व सीएसआर मद के चेक के सात पन्नों को भी गायब किया था। इन सारी घटनाओं को देखते हुए सीएस आरएल गंगेश ने भारतीय स्टेट बैंक शाखा प्रबंधक को एक लिखित आवेदन के माध्यम से 28 अक्टूबर को तीन चेक से 6 लाख रूपए के ट्रास्फर को होल्ड लगवाया। 2 नवम्बर को दिए गए इस पत्र के बाद दो फर्म एम ब्रदर्स और आयुष इलेक्ट्रिकल से विभाग के खाते में रूपए वापस आ गए। इसके बाद जांच की कार्यवाई शुरू हुई। विभागीय जांच दल ने पाया कि डीएमएफ मद के चेक पांच तथा सीएसआर के दो चेक पन्ने कुल सात पन्ने गायब है इसके अलावा 66 लाख में से 6 लाख वापस आ गए, लेकिन 60 लाख की राशि का चेक रजिस्टर में न तो इंट्री है न ही इसका नोटशीट चलाया गया है। फर्जी तरीके से आहरण की गई उक्त राशि एक जनवरी 2023 से 30 अक्टूबर 2024 तक की है। सभी आवश्यक बिन्दुओं की जांच तथा आरोपित अभिजीत चौहान द्वारा बैंक प्रबंधक को दिए गए पत्र के माध्यम से एफआईआर की कार्रवाई की गई।




## अपराध : पुलिस ने 24 घंटे के अंदर आरोपी बेटे को किया गिरफ्तार, भेजा जेल

# शराब पीकर मां से विवाद करने वाले पिता पर बेटे ने टंगिया से किया हमला, पिता की हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

शराब पीकर ग्रामीण घर पहुंचा और पत्नी से खाना मांगने लगा। इसी पर विवाद होने पर बहन ने भाई को बताया कि पिता शराब पीकर घर पहुंचे और मां से विवाद कर रहा है। धान की मिंजाई कर रहा बेटा घर पहुंचा और विवाद करने वाले पिता को विवाद नहीं करने की बात कहीं, परंतु पिता ने बेटे की नहीं सुनी। बेटे ने पिता पर टंगिया से हमला बोल दिया, जिसमें पिता की जान चली गई। पुलिस ने आरोपी बेटे को 24 घंटे के अंदर दबोच कर न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया। नरहरपुर थाना प्रभारी सुरेश राठौर ने हरिभूमि से बात करते हुए बताया कि भनसुली नयापारा निवासी जगमोतिन मरकाम ने पुलिस को बताया कि 7 नवंबर को मैं घर पर थी और करीबन सायं 6 बज मेरे पति राजकुमार मरकाम पंचायत एवं गांव तरफ से घर पहुँचा और खाना मांगा, उस समय तक खाना नहीं बनाई थी। खाना नहीं बनाने की बात सुनकर मेरे पति राजकुमार मरकाम मुझे गाली देने लगे। मेरी बेटी भी घर में थी और अपने पिता की हरकत को देखकर अपने भाई महेश कुमार मरकाम को घटना के बारे में जानकारी दिया, जबकि महेश कुमार मरकाम खेत में मिंजाई कर रहा था। बहन की खबर सुनकर भाई घर पर पहुंचा और अपने पिता से कहा कि गाली क्यों दे रहे हो, कहते हुए आक्रोशित होकर जान से मारने की नीयत से पास में रखे टंगिया से पिता के बांए हाथ, पीठ एवं सीने में मारपीट कर दिया, जिससे उसके पिता राजकुमार मरकार के पीठ में चोट लगने से खून निकलने लगा और बांऐ हाथ के कोहनी के पास सूजन आ गया और सीने में अंदरूनी चोट थी।



### आरोपी ने कबूला अपराध

मां की शिकायत पर पुलिस ने बेटे महेश मरकाम के खिलाफ धारा 103 (1) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते नरहरपुर थाना प्रभारी ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई. कल्याण ऐलीसेला के निर्देश, एएसपी आईपीएस संदीप कुमार पटेल के मार्गदर्शन में तत्काल टीम गठित कर आरोपी की पतासाजी शुरू किया गया। आरोपी 20 वर्षीय महेश कुमार मरकाम को हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ करने पर अपराध करना कबूल किया। पुलिस ने आरोपी के द्वारा बताए गए स्थल से टंगिया को जप्त कर गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जिसे न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया।

# दीपावली के 10 दिन बाद भी मंडी में नहीं हो सका मुहूर्त



हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

प्रति वर्ष दीपावली पर्व के बाद बस्तर संभाग की 11 मंडियों में व्यापारी मुहूर्त की खरीदी करते हैं। उपजों की आवक के अभाव से इस वर्ष दीपावली पर्व होने के 10 दिन तक यह खरीदी का मुहूर्त नहीं हो पाया है।

▪ संग्राहक, हमालों व व्यापारियों में निराशा

मंडी व्यापारियों के अनुसार दीपावली के एक सप्ताह में खरीदी के लिए मंडी में मुहूर्त किया जाता है। दीपावली के दूसरे दिन मंडी व्यापारियों ने मुहूर्त की खरीदी की तैयारी कर ली थी, लेकिन आवक के अभाव में खरीदारी नहीं हो पाई। पर्व के चलते संग्राहक उपज लेकर मंडी तक नहीं पहुंच रहे हैं, जिससे खरीदी में विलंब हुआ है। वहीं दूसरी ओर उप मंडियों में साप्ताहिक बाजार में छोटे-छोटे संग्राहक अपनी दैनिक जरूरतों को पूरा करने के लिए पहुंच रहे हैं, जिसमें पुराना धान एवं मक्का आदि बेच रहे हैं।

### आवक से होगी मुहूर्त

बस्तर संभाग मंडी बोर्ड के संयुक्त संचालक ने बताया कि उपजों की आवक होने पर मंडी के व्यापारी खरीदी-बिक्री के लिए मुहूर्त करेंगे। वर्तमान में मक्का के अलावा अन्य उपज की आवक नहीं हो रही है।

# शराब के लिए रूपए नहीं देने पर कलयुगी पुत्र ने मां पर किया हमला

## आरोपी पुत्र गिरफ्तार, न्यायालय में पेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

शराब के लिए पैसे नहीं देने पर कलयुगी पुत्र ने अपने ही मां से मारपीट कर दिया। मां की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी पुत्र को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। मामला बोधघाट थाना क्षेत्र के दंतेश्वरी वार्ड का बताया जा रहा है, जहां से पुलिस ने मां के साथ मारपीट करने वाले कलयुगी बेटा को गिरफ्तार कर आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की।

▪ बोधघाट थाना क्षेत्र के दंतेश्वरी वार्ड का मामला

मां की रिपोर्ट पर एसपी श्री शलभ कुमार सिन्हा के निर्देश व एएसपी माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन व सीएसपी आकाश श्री श्रीमाल के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी बोधघाट लीलाधर राठौर के नेतृत्व में तत्काल टीम गठित कर कार्रवाई के लिए रवाना किया गया था। मौके पर पहुंच टीम ने आरोपी दसरथ उर्फ बिनु 21 वर्ष निवासी गीदम रोड दंतेश्वरी वार्ड को गिरफ्तार कर लिया। प्रार्थीया श्रीमती सरबजीत ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि बेटा दसरथ उर्फ बिनु 31 अक्टूबर को घर आकर शराब पीने के लिए पैसा मांगा प्रार्थीया द्वारा पैसा देने से मना करने से गुस्से में आकर प्रार्थीया को हाथ थप्पड़ से मारपीट किया और घर में रखे टीवी को मुक्का मारकर तोड़ दिया और कहीं चला गया। इस घटना के बाद पुनः 8 नवम्बर को घर आकर तुम लोग ऐसा कर रहे हो और मुझे शराब पीने के लिए पैसा नहीं देते हो कहकर प्रार्थीया को मारपीट किया और अपने पास छुपा कर रखे धारदार हथियार बंडा को जोर जोर से हवा में घुमा कर लहराने लगा जिससे डर कर वह वहां से निकल भागी। बोधघाट पुलिस द्वारा आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। त्वरित कार्रवाई में निरीक्षक लीलाधर राठौर के अलावा एसआई अरूण मरकाम, प्रधान आरक्षक सोनामनी, आरक्षक प्रकाश नायक व राकेश मंडावी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।




## पाठक सूचना

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124

नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124

कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124

सुकमा
मो. 9425260296, 9131893124

दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124

बीजापुर
मो. 9131893124

# करमा, ददरिया, बांस, पंडवानी हो रहे लुप्त, शहरों में कही पर भी नहीं दिखा नृत्य

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

अंचल में दीपावली का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। वहीं नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में आतिशबाजी के साथ लक्ष्मी पूजा की गई। ग्रामीण क्षेत्रों में दूसरे दिन पशुधन की पूजा कर गोवर्धन त्यौहार मनाया गया। वनांचल में दीपावली के बाद सुआ नृत्य की परंपराओं का प्रदर्शन भी होता आ रहा था, पर अब यह परम्परा धीरे-धीरे लुप्त हो चुका है। शहर व विकासखंड मुख्यालयों में इस वर्ष कहीं पर भी करमा, ददरिया व सुआ नृत्य देखने को नहीं मिला। शहर में लक्ष्मी पूजा पर अधिक उत्साह देखा गया, वहीं ग्रामीण अंचल में गोवर्धन पूजा में उत्साह दिखा। ग्रामीणों ने बताया कि इस अवसर पर पालतू पशुओं की साफ-सफाई की गई।



कोठे पर गोबर से गोवर्धन बनाकर पूजा की गई। पशुओं को खिचड़ी व पांच सब्जियों का मिक्स वेज का भोग लगाया गया। नगरीय क्षेत्र में जहां सुआ नृत्य की परम्परा बहुत पहले लुप्त हो चुकी थी, पर वह अब अंदरूनी क्षेत्र में भी लुप्त हो गई है। दीपावली के पूर्व गांव में महिलाएं एवं लड़कियां अलग-अलग टोलियां बनाकर सुआ गीत के साथ सुआ नृत्य करती थी। नृत्य के बाद रिवाज के अनुसार नेंग दिया जाता है।

## लीला देवी कॉलेज ऑफ नर्सिंग एण्ड फार्मेसी

मन एवं मनुष्याणां कारणं बन्धमोक्षयोः।

बी एस सी नर्सिंग [60 Seats]
डिप्लोमा इन फार्मेसी [60 Seats]

प्रवेश का अंतिम चरण
अंतिम तिथि 25 नवम्बर 2024



महाविद्यालय परिसर : ग्रेटर रायपुर, मोतीपुर, जामगांव रोड तह. पाटन, जिला. -दुर्ग
9131880895, 8319870997

6, इंस्टीट्यूशनल एरिया, मुखर्जी हॉस्टल के पीछे, शासकीय विज्ञान महाविद्यालय, रायपुर
8370077700, 7024125200

World Class Infrastructure | Best Sports Complex & Facilities | Hostel and Transport Facility | Highly Equipped Laboratories | Rich library with 5000 Books | Green and Hi-tech Campus | Qualified and Experienced Faculties | 108 beded Parent Hospital

निः शुल्क पंजीयन व परामर्श प्रपत्र हेतु स्कैन करें

LEELA DEVI COLLEGE OF NURSING & PHARMACY

JOIN THE WORLD CLASS CAMPUS FOR PROFESSIONAL STUDIES

www.leelasgroup.com

## खबर संक्षेप



### माकड़ी में हुआ विकासखंड स्तर बस्तर ओलंपिक का उद्घाटन

**कोण्डागांव।** विकासखंड मुख्यालय माकडी में बस्तर ओलंपिक का उद्घाटन जनपद अध्यक्ष मोती बाई नेताम उपाध्यक्ष गौतम साहू ने किया गया। उद्घाटन के अवसर पर वालीबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जीवन में खेल के महत्त्व को बताते हुए जनप्रतिनिधियों ने अपने उदबोधन में बताया कि खेल से शारीरिक विकास के साथ ही मानसिक स्वास्थ्य भी बेहतर रहता हैं। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष मोती बाई नेताम उपाध्यक्ष गौतम साहू जिला पंचायत सदस्य हेमलाल बघेल जिला पंचायत सदस्य रमिला ब्रह्मा मरकाम जनपद सदस्य के साथ ही सरपंच माकड़ी हेमलाल वट्टी जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारियों गजेन्द्र धूरड ऋषि नागवंशी समेत कई स्थानीय लोगों के साथ ही जनप्रतिनिधि ने शिरकत की।

### विकासखण्ड स्तरीय बस्तर ओलंपिक स्पर्धा का शुभारंभ



**फरसगांव।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर बस्तर ओलंपिक का आयोजन किया जा रहा है। जिसके माध्यम से बस्तर क्षेत्र के युवाओं को खेल के माध्यम से विकास की मुख्य धारा से जोड़ने का प्रयास है। इस ओलंपिक में विकासखंड, जिला और संभाग स्तर पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाना है। इसी कड़ी में 09 नबम्बर को फरसगांव के आदर्श स्कूल मैदान में विकासखण्ड स्तरीय बस्तर ओलंपिक प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। प्रथम दिन इस प्रतियोगिता में क्षेत्र के जूनियर वर्ग के महिला, पुरुष करीब 450 खिलाडियों ने भाग लिया। जिसमें रस्सा खीच, खो खो खेल सम्पन्न करवाया गया।

### उत्साह से मनाया छठ पर्व

**धनोरा।** छठ पूजा पर्व को केशकाल सहित ग्रामीण क्षेत्र में व्रत धारियों द्वारा निष्ठा मनाया गया। यह उत्सव में केशकाल, धनोरा सहित पूरे जिले में बड़ी धूमधाम से मनाया गया है। केशकाल सुरडोंगर राजा तालाब में व यही ब्लॉक के धनोरा आचला पारा तालाब में व्रतधारी लोगों ने तालाब पानी में उतरकर डूबते सूरज को अर्घ्य देकर छठ माई को पानी देते हुए अपने परिवारजनों के खुशहाली के लिए भगवान शंकर पार्वती से प्रार्थना की।

### बस्तर ओलम्पिक 2024 विकासखण्ड स्तरीय प्रतियोगिता 15 नवम्बर तक

**कोण्डागांव।** बस्तर ओलम्पिक 2024 अंतर्गत विकासखण्ड स्तरीय प्रतियोगिता के विभिन्न खेलों के लिए खेल विभाग द्वारा तिथि निर्धारित कर दी गई है। जिला खेल अधिकारी द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार 8 नवम्बर 2024 को बैडमिंटन खेल, विकासनगर इंडोर स्टेडियम तथा बडेक्रनेरा रोड स्थित बैडमिंटन कोर्ट पर आयोजित किया। इसके अलावा नगर पालिका टाउन हॉल कोण्डागांव में कराते और खेलो इंडिया सेंटर कोण्डागांव में तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। इसी तरह 9 नवम्बर को वॉलीबॉल के मुकाबले का आयोजन बडेकनेरा रोड स्थित वॉलीबॉल कोर्ट तथा बालक छात्रवास में होंगे। वहीं फुटबॉल एवं रस्साकसी के खेल प्रतियोगिता विकासनगर स्टेडियम में होंगे। एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन 11 नवम्बर को विकासनगर स्टेडियम में तथा 12 नवम्बर को डी.एन.के. मैदान में आयोजित की जाएगी। 13 नवम्बर को खो-खो प्रतियोगिता विकासनगर स्टेडियम और बालक हास्टल मैदान में एवं कबड्डी मुकाबले 14 नवम्बर को बडेक्रनेरा रोड के कबड्डी मैदान और 15 नवम्बर को विकासनगर स्टेडियम में प्रतियोगिता का आयोजन होंगे।

# कलेक्टर ने धान खरीदी केंद्रों का दौरा कर तैयारियों की ली जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरसगांव

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने शनिवार को जिले के विभिन्न गांवों का दौरा कर धान खरीदी की तैयारियों और जल जीवन मिशन के कार्यों का जायजा लिया। कलेक्टर दुदावत ने जिले के ग्राम लंजोड़ा, जुगानी कलार, बोरगांव, बड़ेडोंगर, आलोर के धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सभी केंद्रों में सीसीटीव्ही, विद्युत व्यवस्था, इनवर्टर, इलेक्ट्रॉनिक कांटा बाट, मॉइस्चर मीटर एवं अन्य आवश्यक व्यवस्था के लिए सीसीबी नोडल अब सहकारिता निरीक्षक को निर्देश दिए। साथ ही बारदाने को सुरक्षित एवं व्यवस्थित ढंग से रखने के निर्देश दिया। उन्होंने धान खरीदी केंद्र बोरगांव में निरीक्षण के दौरान अव्यवस्था पर नाराजगी जताते हुए वहां के कंप्यूटर ऑपरेटर द्वारा कार्य में लापरवाही बरतने पर उसे तत्काल हटाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि धान खरीदी का कार्य राज्य शासन की प्राथमिकता का कार्य है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने इसके लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण करने और किसानों की सुविधा का ध्यान रखने के निर्देश दिए।

## जल जीवन मिशन के जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन को देखा



### जल जीवन मिशन के क्रियान्वयन की ली जानकारी

*कलेक्टर ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत फ़रसगांव ब्लॉक के ग्राम सिरपुर, पतौड़ा, बेलगांव और गोड़मा में पहुंचकर हर घर नल योजना के जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन का निरीक्षण किया। उन्होंने इस दौरान योजनांतर्गत बनाए गए टंकी, नल कनेक्शन, पाइपलाइन एवं अन्य तकनीकी पहलुओं की जानकारी ली। साथ उन्होंने ग्रामीणों से चर्चा कर नल के माध्यम से जल आपूर्ति की जानकारी भी ली। उन्होंने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों और ठेकेदार को 20 नवंबर तक सभी बचे हुए कार्य पूर्ण कर सभी घरों में शुद्ध पेयजल की आपूर्ति शुरू करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत के सीईओ अविनाश भोई सहित विभाग विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।*

## छठी मैया की भक्ति में डूबा रहा शहर

# धूमधाम से मनाया गया छठ पर्व, बंधा सरोवर पर श्रद्धालुओं ने की उगते सूर्य की आराधना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

कार्तिक माह की षष्ठी तिथि को मनाए जाने वाले छठ पर्व की धूम इस बार कोंडागांव जिले में भी देखने को मिली। जिले के विभिन्न तालाबों, नदियों और घाटों पर श्रद्धालुओं ने पूरे रीति-रिवाज और श्रद्धा भाव से सूर्य उपासना करते हुए छठ मैया का आशीर्वाद प्राप्त किया। कोंडागांव में चार दिवसीय इस पर्व की शुरुआत नहाय-खाय से हुई। जिसमें श्रद्धालुओं ने व्रत का संकल्प लिया और शुद्धता से आहार ग्रहण किया। इसके अगले दिन खरना की विधि के अनुसार उपवास रखा गया, जिसमें व्रती व्रत करने वाले ने पूरे दिन निर्जला उपवास रखा और शाम को गुड़ और चावल की खीर का प्रसाद ग्रहण किया।



### बांध सरोवर पर छाई रही रौनक

तीसरे दिन संध्या अर्घ्य के लिए सैकड़ों श्रद्धालु स्थानीय तालाबों और नदी किनारे एकत्र हुए। महिलाओं और पुरुषों ने पारंपरिक परिधान पहनकर सजी-धजी टोकरियों में ठेकुआ, नारियल, गन्ना, और मौसमी फलों का प्रसाद चढ़ाया। संध्या समय में अस्त होते सूर्य को अर्घ्य देने के दौरान माहौल भक्तिमय हो गया। घाटों पर सूर्य देव और छठी मैया की जय-जयकार के साथ भजन-कीर्तन गूंज उठे।

### आज सुबह उगते सूर्य को दिया अर्घ्य

छठ पर्व का समापन चौथे दिन उगते सूर्य को अर्घ्य देकर किया गया। व्रतियों ने सूर्योदय से पहले घाटों पर पहुंचकर पवित्र जल में खड़े होकर सूर्य देवता को अर्घ्य दिया। श्रद्धालुओं ने छठ मैया से संतान सुख, परिवार की सुख-समृद्धि और स्वास्थ्य की कामना की। सूरज की पहली किरण के साथ ही व्रतियों ने अर्घ्य देकर अपने उपवास का समापन किया।

### सुरक्षा और स्वच्छता के विशेष इंतजाम

जिला प्रशासन कोंडागांव और पुलिस विभाग ने छठ पर्व के लिए विशेष सुरक्षा और स्वच्छता के इंतजाम किए। प्रमुख घाटों पर सुरक्षा बल तैनात रहे जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। यातायात की हुई खास व्यवस्था। नगर निगम ने घाटों की साफ-सफाई और जल व्यवस्था को लेकर विशेष प्रबंध किए थे। जिससे श्रद्धालु स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण में पूजा-अर्चना कर सकें।

### सांस्कृतिक विविधता का प्रतीक

कोंडागांव में छठ पूजा के दौरान सांस्कृतिक विविधता का अनूठा संगम देखने को मिला। पर्व में न केवल स्थानीय लोगों ने बल्कि अन्य राज्यों से आए लोगों ने भी भाग लिया। खासकर बिहार, झारखंड, और उत्तर प्रदेश से आए परिवारों ने इस पर्व को पूरे उत्साह और परंपरागत विधि-विधान से मनाया।

### श्रद्धालुओं का छलका उत्साह और आस्था

कोंडागांव के निवासी जितेंद्र सिंह ने बताया कि छठी मैया और सूर्य भगवान की कृपा से परिवार में सुख-समृद्धि बनी रहे, यही हमारी कामना है। इस बार यहाँ पर्व का माहौल बहुत भक्तिमय और विशेष रहा। वहीं, युवा वर्ग में भी छठ पूजा को लेकर भारी उत्साह देखा गया। कई युवाओं ने इस बार छठ का व्रत रखकर माता-पिता और परिवार के सुख की कामना की।

# पुलिस की बड़ी सफलता, अंतर-जिला गांजा तस्करी में दो तस्कर गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव/केशकाल

नशीले पदार्थों की अवैध तस्करी के खिलाफ कड़ा रुख अपनाते हुए केशकाल पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने अंतर-जिला गांजा तस्करी में लिप्त दो तस्करों को पकड़ा है और उनके पास से 56.890 किलोग्राम गांजा और एक सफेद रंग की ग्लैंजा कार जब्त की है। इस बरामदगी की कुल कीमत लगभग 8 लाख 41 हजार रुपये आंकी गई है। पुलिस अधीक्षक वाय. अक्षय कुमार के निर्देश पर चलाए जा रहे इस अभियान के तहत, केशकाल पुलिस टीम ने थाना क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाया। 8 नवंबर को थाना परिसर के पास चेक पोस्ट पर पुलिस को एक मुखबिर से सूचना मिली कि एक सफेद ग्लैंजा कार क्रमांक सीजी 04 पीएच 5111 में भारी मात्र में गांजा तस्करी कर उड़ीसा से रायपुर की ओर जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस ने संदिग्ध कार को रोका। कार में बैठे व्यक्तियों ने अपनी पहचान मिथलेश पटेल बिलासपुर और विवेक शांग दुर्ग के रूप में बताई। कार की तलाशी के दौरान डिक्की में छुपाकर रखा गया 56.890 किलो गांजा बरामद किया गया, जिसकी कीमत लगभग 3 लाख 41 हजार रुपये है। आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 (ख) के तहत मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है। दोनों को आज न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उन्हें जेल भेजा गया।

### इनका रहा योगदान

इस कार्यवाही में थाना प्रभारी विकास बघेल और उनकी टीम के सदस्यों, सउनि कंवल सिंह शोरी, प्रआर. ईश्वर नेताम, धर्मेंद्र नेगी, मनोहर निषाद, सोमनाथ शोरी, जितेन्द्र माहला, अमित मण्डावी, डीएसएफ उमेशदास मानिकपुरी और हाईवे पेट्रोलिंग टीम के आरक्षक रोबिन कोरार्म, सुगदु सलाम, गीतोम नेताम, रमेश नेताम का विशेष योगदान रहा।

# यादव समाज ने धूमधाम से मनाया ब्लाक स्तरीय गोपाष्टमी पर्व



हरिभूमि न्यूज ⏭ फरसगांव

■ गौमाता को खिचड़ी सेवन, दहीलूट सहित अन्य विभिन्न रस्म को किया पूर्ण

मुख्यालय फरसगाव नगर में यादव समाज द्वारा हर वर्ष बड़ी धूमधाम से ब्लाक स्तरीय गोवर्धन पूजा मनाते हैं। वही इस वर्ष 09 नवम्बर को बड़े धूमधाम से गोवर्धन पूजा मनाया। जहां समाज की सांस्कृतिक विरासत सामाजिक एकता अखण्डता समरसता को सहजते हुए हर्षोल्लास के साथ नगर में स्थित तालाब किनारे गोवर्धन पूजा स्थल पर गोवर्धन पूजन का आयोजन किया गया। जिसमे कार्यक्रम में सर्वप्रथम राउत नाचा की अपनी पारम्परिक वेशभूषा के साथ कला का प्रदर्शन करते हुए राधा कृष्ण की झांकी के साथ छोटे छोटे बच्चों को भगवान श्री कृष्ण एवं बलराम जी के आकर्षक वेशभूषा में सजा कर एवं समाज के लोगों द्वारा पारंपरिक



वेशभूषा में गाजे बाजे के साथ नृत्य करते हुए कलश शोभायात्रा निकाली गई एवं भ्रमण के दौरान जगह जगह नागरिकों द्वारा इनकी पूजा अर्चना की गई। तत्पश्चात पूजा स्थल पर भगवान श्री कृष्ण का पारंपरिक रूप से हवन पूजन कर पूजा अर्चना की गई एवं विधि विधान पूर्वक गौमाता को खिचड़ी सेवन, दहीलुट सहित अन्य विभिन्न रस्म को पूर्ण किया गया। तत्पश्चात समाज के लोगों द्वारा भंडारे का भव्य आयोजन किया गया । इस दौरान कार्यक्रम में यादव समाज के सभी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष , पदाधिकारी सहित भारी संख्या मे ब्लाक भर के यादव समाज के लोग सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

# प्यार में मिला धोखा तो युवती ने लगाई फांसी



हरिभूमि न्यूज ⏭ फरसगांव

■ प्रेमी युवक के खिलाफ फरसगांव पुलिस ने की कार्रवाई

फरसगांव थाना पुलिस ने प्यार में धोखा देने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। जानकारी के अनुसार 23 अक्टूबर को प्रार्थी थाना आकर मर्ग इन्टीमेशन रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसकी ने 23 अक्टूबर को अपने घर के अन्दर म्यार में चुनरी से फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है। रिपोर्ट पर मर्ग क्रमांक 100/2024 धारा 194 बीएनएसएस. कायम कर जांच के दौरान प्रत्यक्षदर्शी गवाह एवं अन्य साक्ष्य के आधार पर आरोपी युवराज साहु द्वारा मृतिका को शादी का प्रलोभन देकर पिछले 06 वर्षों से रिलेशनशिप रखना व प्यार में धोखा एवं धमकी देने से प्रताड़ित होने तथा आत्महत्या के लिए मजबूर करने का पर्याप्त साक्ष्य सबूत पाया गया। जिसके बाद आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 156/2024 धारा 108 बीएनएस. का अपराध घटित होने पाए जाने से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आवश्यक कार्यवाही कर आरोपी युवराज साहु पिता भुनेश्वर उर्फ मुनेश साहु (21), निवासी विश्रामपुरी बाजारपारा थाना विश्रामपुरी को 08 नवम्बर को गिरफ्तार कर 09 नवम्बर को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा जा रहा है।

# जनजातीय समाज के गौरवशाली इतिहास और योगदान पर हुई विस्तृत चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

■ शासकीय गुंडाधुर महाविद्यालय में जनजातीय समाज पर एक दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन

शासकीय गुंडाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोंडागांव में जनजातीय समाज के गौरवशाली इतिहास और उसके अमूल्य योगदान पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। उच्च शिक्षा विभाग, छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. चेतन राम पटेल के निर्देशन में आयोजित इस कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में कोंडागांव विधानसभा की विधायक एवं बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष लता उसेंडी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. चेतन राम पटेल के स्वागत भाषण से हुई। जिसमें उन्होंने सभी गणमान्य अतिथियों का स्वागत किया। कार्यशाला की संयोजक डॉ. किरण नूरूटी ने कार्यक्रम की रूपरेखा और उद्देश्य प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि सुश्री उसेंडी ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को अपने समाज के इतिहास और संस्कृति को समझने तथा उसके नायकों के योगदान को जानने की प्रेरणा दी। कार्यशाला के मुख्य वक्ता रायपुर के सामाजिक कार्यकर्ता रामनाथ कश्यप ने आदिवासी समाज के सांस्कृतिक, सामाजिक और आध्यात्मिक योगदान पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने बताया कि आदिवासी समाज के कुछ ही नायकों को इतिहास में स्थान मिल पाया है। जबकि इस समाज ने अपने अनोखे सांस्कृतिक योगदान से समाज को समृद्ध किया है। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला कार्यक्रम संयोजक बलिराम नेताम ने आदिवासी समाज की प्रथाओं जैसे गोटूल, टोटम, और पेन के महत्व पर प्रकाश डाला। इसके साथ ही उन्होंने अन्य ऐतिहासिक नायकों का उल्लेख करते हुए उनकी स्मृतियों को संजोने का आग्रह किया। कार्यक्रम में मुरिया समाज के जिलाध्यक्ष धनीराम सोरी, नारायणपुर के सामाजिक कार्यकर्ता मंगऊ राम कावड़े, और जिला पंचायत सदस्य खेमचंद नेताम भी उपस्थित रहे।



### रंगोली प्रतियोगिता में अंजू बोस और उनकी टीम ने मारी बाजी

*इस अवसर पर भाषण, रंगोली और पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगिता में भूपेंद्र धुर्वा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि रंगोली प्रतियोगिता में अंजू बोस और उनकी टीम ने प्रथम स्थान हासिल किया। पोस्टर प्रतियोगिता में भी भूपेंद्र धुर्वा ने प्रथम स्थान पर कब्जा किया। कार्यक्रम का संचालन नसीर अहमद ने किया और आभार प्रदर्शन डॉ. पुरोहित कुमार सोरी द्वारा किया गया। इस कार्यशाला में नगर के गणमान्य नागरिकों, महाविद्यालय के शिक्षकगण और छात्रों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।*

# सहकारी कर्मियों के आंदोलन को आंबा कार्यकर्ताओं ने दिया समर्थन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुरी

प्रदेश संगठन के आह्वान पर लंबित तीन सूत्रीय मांगों को लेकर संभाग स्तरीय आंदोलन गांधी मैदान धमतरी में किया जा रहा है जिसमें गरियाबंद, महासमुंद, बलौदा बाजार, रायपुर, धमतरी जिला के समिति प्रबंधक, लेखापाल, लिपिक, ऑपरेटर, विक्रेता, चपरासी चौकीदार अपनी-अपनी समितियों को बंद कर आंदोलन में डटे हुए हैं। नरेंद्र कुमार साहू छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ रायपुर ने बताया कि आंदोलन के चलते शासन की धान खरीदी तैयारी, दलहन तिलहन, रबी ऋण वितरण, खरीफ ऋण वितरण, बचत बैंक, माइक्रो एटीएम कार्य पूरी तरह से प्रभावित हो गया है। 14 नवंबर को होने वाली धान खरीदी की तैयारी पूर्णतः बाधित हो गई है। कर्मचारी संगठन ने इस बार आर-पार की लड़ाई लड़ने का मूड बना लिया है। उनके आंदोलन को आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने भी समर्थन दिया है और मांग पूरी करने शासन-प्रशासन से अपील की है। आंदोलन को समर्थन देने पूर्व किसान अध्यक्ष प्रफुल्ल साहू भी मंच पर पहुंचे। दूसरे दिन छाती समिति के पूर्व संचालक सदस्य भेषजलाल साहू ने भी मंच पर आकर मांगों का समर्थन किया।





**खबर संक्षेप**

### 100 मीटर दौड़ को हरी झंडी दिखाकर प्रतियोगिता का शुभारंभ



दंतेवाड़ा। विकासखंड स्तरीय बस्तर ओलंपिक प्रतियोगिता का मुख्यालय के हाई स्कूल मैदान अन्तर्गत शुभारंभ किया गया। इस दौरान विधायक चैतराम अटामी, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुनीता भास्कर, जिला पंचायत सदस्य रामूराम नेताम, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष जयदयाल नागेश, नगरपालिका उपाध्यक्ष धीरेन्द्र प्रताप सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं सीईओ जनपद पंकज कुमार अंगारे उपस्थित थे। प्रतियोगिता 9 नवंबर से 12 नवंबर तक चलेगी। उल्लेखनीय है कि इस मेगा बस्तर ओलंपिक प्रतियोगिता में खो-खो, वॉलीबॉल, वेटलिफ्टिंग, तीरंदाजी, एथलेटिक्स, फुटबॉल, कबड्डी, हॉकी, कराटे,बैडमिंटन, रस्सा खींच जैसे प्रतियोगिता खेली जायेगी।

## यात्री बसों पर लगाम कसने की दिशा में उठाया कदम

# बस संचालकों के विरूद्ध कलेक्टर का कड़ा रूख

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा

सुकमा जिले में बस संचालकों की मनमानी चरम सीमा पर पहुंच गई है। लगातार मिल रही शिकायतों पर समझाईशों के बाद भी यात्री शिकायतों में कोई कमी न मिलते देख सुकमा कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने कड़ा रूख अख्तियार करते हुए अब सीधे चालानी कार्रवाई की चेतावनी दी है। अब प्रत्येक यात्री बसों में भाड़ा सूची अनिवार्यता लगाने के साथ-साथ तय दर से ज्यादा लेने पर कड़ी चालानी कार्रवाई करने की बात कही है।

■ यात्री बसों में किराया दर सूची न लगाने पर चालानी कार्रवाई

सुकमा जिले में लगातार समझाईशों व बैठकों के बावजूद भी बस संचालकों की मनमानी रूकने का नाम नहीं ले रही है। दीपावली व अन्य मौके पर बस संचालकों द्वारा मनमानी तरीके भाड़ा लिये जाने के मामले पर संज्ञान लेते कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने कड़ा रूख अख्तियार करते हुए अब सीधे कार्रवाई करने की बात कही है। कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने कहा कि शासन द्वारा जिन वर्गों को यात्री किराये में रियायत एवं छूट दी गई है, यदि यात्रा के दौरान वाहन संचालन द्वारा किराये में छूट नहीं दी जाती है या किसी प्रकार का अभद्र दुर्व्यवहार या अवैध किराया दर वसूल किया जाता है तो इसकी शिकायत यदि कोई साक्ष्य या तथ्य भी हो तो जिला परिवहन अधिकारी से किया जाए। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन द्वारा इन्हीं संचालित निजी यात्री वाहनों में सफर करने वाले ऐसे व्यक्ति जो दृष्टिहीन है, बौद्धिक दिव्यांग व्यक्ति, ऐसे दिव्यांग व्यक्ति जो दोनों पैरों से चलने में असमर्थ है, वरिष्ठ नागरिक जिनकी उम्र 80 साल या उससे अधिक है, एचआईव्ही एड्स से पीड़ित व्यक्ति को यात्री किराये में शत प्रतिशत की छूट दी गई है। कलेक्टर ने कहा कि समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के उद्देश्य से माओवाद से प्रभावित व्यक्ति का प्रमाण पत्र रखने वाले व्यक्ति को यात्री बस में सफर करने पर किराये में 50 प्रतिशत की रियायत छूट दिये जाने हेतु अधिसूचित गया है।

### दिव्यांगजन व अधिसूचित वर्गों को किराए में छूट

कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने यात्री बसों में दिव्यांगजन सहित अधिसूचित वर्गों को किराए में छूट नहीं दिए जाने पर संबंधित बस संचालक के विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा है कि आम जनता को बेहतर यातायात एवं परिवहन के साधन उपलब्ध कराने की दृष्टि से जिले के विभिन्न मार्गों में साधारण श्रेणी से लेकर वातानुकूलित शयन श्रेणी के निजी यात्री वाहनें संचालित है, जो आम जनता व यात्रियों को उनके निर्धारित गंतव्य तक प्रतिदिन पहुंचाने का काम करती है।





### तय किराये से ज्यादा लेने पर होगी कार्रवाई

कलेक्टर ने यात्रियों से वाहन संचालकों द्वारा अवैध वसूली कर अधिक किराया दर वसूल किया जा सकता है। उन्होंने इसे ध्यान में रखते हुए अधिक किराया वसूली की शिकायतों पर तत्काल संज्ञान लेने एवं ऐसे यात्री वाहनों के विरुद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही करने के निर्देश जिला परिवहन अधिकारी को दिये है। उन्होंने कहा है कि आम जनता को दृष्टिगोचर रूप से अपने गंतव्य के लिए निर्धारित किराये दर की जानकारी हो। सभी यात्री बसों में किराया सूची चस्पा हो यह सुनिश्चित किया जाए। साथ ही यात्री वाहनों की जांच करते हुए निर्धारित किराये की राशि से अधिक किराया वसूल करते पाये गये वाहन एवं बिना किराया दर सूची चस्पा किये संचालित होते पाए जाने पर चालानी कार्रवाई करें।

### लोगों को किया जागरूक

कलेक्टर के कड़े तेवर के बाद सुकमा के जिला परिवहन अधिकारी कुंभकर्णी निंद्रा से जागते विभिन्न बसों में किराया दर सूची चस्पा न होने व अनियमितता पर कार्रवाई करते हुए छह हजार रुपए का चालान काटा। साथ ही उन्होंने बस संचालकों को किराया दर सूची चस्पा करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि यात्री बसों की नियमित जांच की जा रही है और लोगों को इस संबंध में जागरूक किया जा रहा है। दिव्यांगजन सहित अधिसूचित वर्गों के किराए में छूट न देने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# ओलंपिक का एजुकेशन सिटी जावंगा में शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम



जिला प्रशासन दंतेवाड़ा के तत्वाधान में 4 दिवसीय विकासखंड स्तरीय बस्तर ओलंपिक खेल प्रतियोगिता का 9 नवंबर को अटल बिहारी वाजपेई एजुकेशन सिटी जावंगा स्थित एकलव्य खेल परिसर के मैदान में शुभारंभ किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में दंतेवाड़ा विधानसभा विधाय चैतराम अटामी, जनपद पंचायत गीदम अध्यक्ष सुश्री अंति वेक, विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सदस्य संगीता नेताम, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष मनीराम हपका, जनपद पंचायत सदस्य श्यामलाल कोवासी, सुधरी वेक, अध्यक्ष महिला मोर्चा भाजपा ममता गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि डवेंद्र सिंह ठाकुर ने गीदम विकासखंड स्तरीय बस्तर ओलंपिक खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। विधायक चैतराम अटामी ने कहा कि बस्तर के युवाओं का खेल के क्षेत्र में प्रदर्शन को देखते हुए छत्तीसगढ़ शासन द्वारा गीदम में स्पोर्ट्स सिटी बनाया जाएगा। शिक्षा के साथ खेल में रुचि रख कर खिलाड़ियों को जिले व राज्य का नाम राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन करने की प्रेरणा दी। जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी जयंत नाहटा एवं जनपद पंचायत गीदम मुख्य कार्यपालन अधिकारी कृपेंद्र तिवारी ने बताया कि ओलंपिक के तर्ज पर 11 खेल विधाएं बस्तर ओलंपिक में रखा गया, जिसमें युवाओं ने हिस्सा लेकर विकासखंड स्तर, जिला स्तर एवं संभाग स्तर पर सम्मिलित हो रहे है। बस्तर ओर्लपिक आयोजन का मुख्य उद्देश्य यह है कि बस्तर क्षेत्र के युवाओं के लिए अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक में हिस्सा लेने सोपान बने तथा चयन हेतु उसके तर्ज पर तैयारी करने का प्रयास किया जा रहा है। 4 दिवसीय विकासखंड स्तरीय बस्तर ओलंपिक 9 से 12 नवंबर तक आयोजित किया जाएगा।

# कुटुमसर पर्यटन काउंटर विवाद गहराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ दरभा



पिछले कई दिनों से कुटुमसर गांव के ग्रामीण वन विभाग और जिप्सी चालकों के बीच पर्यटन काउंटर को लेकर विवाद चल रहा है। क्षेत्रीय विधायक किरण देव सिंह से चर्चा होने के पश्चात विवाद समाप्त होने की उम्मीद थी, परन्तु तीनों पक्षो के अड़ियल रूक से विवाद और गहरा गया है।

शुक्रवार को क्षेत्रीय विधायक किरण देव सिंह कलार समाज द्वारा आयोजित शहस्त्र बाहु अर्जुन जयंती समारोह के अवसर पर नेगानार गांव पहुंचे थे, जंहा वन विभाग के अधिकारी जिप्सी मालिक और कुटुमसर गांव के सैकड़ों ग्रामीण अपना अपना पक्ष लेकर विधायक से मिलने पहुंचे तीनों पक्षों से चर्चा करने के पश्चात किरण देव भी आसमंजस स्थिति मे दिखे। चुकी यह विषय जन साधारण से जुड़ा दिख रहा है। जिसके कारण एक तरफा कार्यवाई या निर्णय लेना कठिन हो गया है। प्रयास यह है की सभी पक्षो से सहमति बना कर कोई निर्णय लिया जाये।

ताकि विवाद की स्थिति से बहार निकला जा सके। जिसके लिए सभी पक्षो के प्रतिनिधि मंडल से चर्चा करने को कहा गया है। जिसके लिए विधायक किरण देव ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों और पार्टी पदाधिकारीयों को अधिकृत किया है, उल्लेखनीय है की पिछले कई दिनों से कुटुमसर गांव के लोंग गांव मे ही पर्यटन काउंटर के मांग को लेकर कुटुमसर मार्ग पर धरना प्रदर्शन कर रहे है। जिसके चलते 1 नवंबर से पर्यटको के लिए खोले जाने वाला कुटुमसर गुफा अभी तक नहीं खोला जा सका है। संवेदन शील मामला होने के कारण शासन प्रशासन एक तरफा कार्यवाई से बच रही है परन्तु समस्या का समाधान विलम्ब होता जा रहा है जोकि शासन प्रसाशन के लिए चिंता का विषय बना हुआ है।

# चिंगपाल में चढ़ रहा है बस्तर ओलंपिक का खुमार



हरिभूमि न्यूज ⏭ दरभा

ग्राम पंचायत चिंगपाल में बस्तर ओलंपिक का तीसरे दिन का जोन स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता जारी है। आज पखनार जोन के खिलाड़ी अपना प्रदर्शन अलग-अलग खेलो मे कर रहे है।

गौरतलब है कि पखनार जोन मे 12 ग्राम पंचायत शामिल है, जो दरभा विकासखंड के दुरस्त ग्राम पंचायते है इन पंचायतों से बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष खिलाड़ी शामिल है। जिसमे स्कूली छात्र छात्राये भी बड़ी संख्या में है।

यहां यह बताना आवश्यक है की दरभा जनपद पंचायत के सभी जोनों का खेल एक ही मैदान शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल मांझीगुडा चिंगपाल में आयोजित की गई है, जहां शासकीय अमला जनप्रतिनिधि और ग्रामीण आयोजन को सफल बनाने मे जुटे हुए है। जिससे यह क्षेत्र खेलमय वातावरण में डूबा हुआ है, खिलाड़ियों के साथ-साथ स्थानीय ग्रामीण भी खेलों का लुप्त उठा रहे है। आयोजन का मोर्चा संभाले हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत दरभा केशरी लाल फाफा ने कहा की आयोजन को हर सम्भव सफल बनाने का प्रयास किया जा रहा है। ताकि स्थानीय खेल प्रतिभावों को उचित मंच दिलाया जा सके। जिसके लिए स्थानीय जनप्रतिनिधियों का और ग्रामीणों का भरपूर सहयोग मिल रहा है। खिलाड़ी अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सके। इसके लिए उचित वातावरण बनाया जा रहा है। जोन स्तरीय चयन प्रतियोगिता समाप्त होने के पश्चात 11व 12नवंबर को खंड स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित होंगी जंहा से जिला स्तरीय बस्तर ओलपिंक के लिए खिलाड़ियों का चयन होगा।

# विधायक ने विभिन्न निर्माण कार्यों का किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम



नगर पंचायत बारसूर में जनोंपयोगी विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक चैतराम अटामी, अध्यक्ष नगर पंचायत बारसूर अध्यक्ष उमेश्वर पुजारी, विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत बारसूर उपाध्यक्ष बद्रीनाथ पुजारी उपस्थित रहे।

अतिथियों ने मां दंतेश्वरी के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की एवं विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। इस दौरान जिला खनिज संस्थान न्यास अंतर्गत मिनी स्टेडियम का लोकार्पण एवं अधोसंरचना मद अंतर्गत स्वीकृत 12 विभिन्न कार्यों, 15वें वित्त मद अंतर्गत स्वीकृत 7 कार्यों व डीएमएफ मद अंतर्गत स्वीकृत 16 कार्यों का भूमि पूजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष अभिमन्यु सोनी, नगरपालिका दंतेवाड़ा उपाध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप सिंह, जिला पंचायत सदस्य बैसूराम मांडवी, भाजपा नेता जगत सिंह पुजारी, भाजपा मंडल अध्यक्ष भुनेश्वर भारद्वाज, एसडीएम अभिषेक तिवारी, तहसीलदार संतोष धुर्वे, नगर पालिका अधिकारी आई एल पटेल, उपअभियंता गिरिजा शंकर पोरते, लेखापाल पवन ध्रुव, पटवारी विक्रम पुजारी के साथ साथ नगर पंचायत बारसूर के सभी जनप्रतिनिधि, पार्षद व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# शिक्षक ने डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल उलनार में कराया न्योता भोज



**बकावंड**। छत्तीसगढ़ के सरकारी स्कूलों के बच्चों के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर न्योता भोज का आयोजन शुरू किया गया है। इसके तहत विशेष लोगों के जन्मदिन, विवाह और अन्य खास मौके पर बच्चों को स्वादिष्ट भोजन मिल रहा है। इसी क्रम में डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल उलनार में प्राचार्य मनोज शंकर के मार्गदर्शन में शिक्षक देवसिंह नेताम ने अपने जन्मदिन पर विद्यालय के बच्चों के लिए न्योता भोज का आयोजन किया। न्योता भोज में विद्यार्थियो को चावल, दाल, पूरी मिक्स सब्जी जैसे स्वादिष्ट व्यंजन परोसे गए। न्योता भोज में बच्चों के साथ विद्यालय के शिक्षक देवसिंह नेताम, शिक्षिका उर्मिला ठाकुर,वंदना बघेल, काजल कश्यप, कृष्ण कांत बर्मन, दीपिका यादव, सुषमा डे ने भी भोजन ग्रहण किया। न्योता भोज ग्रहण कर बच्चे उत्साहित नजर आ रहे थे।

# करीतगांव में मना स्काउट गाइड स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोंड



भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्य आयुक्त डॉ.सोमनाथ यादव सर एवं राज्य सचिव कैलाश कुमार सोनी सर के आह्वान पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करीतगांव में स्काउट गाइड के बस्तर जिला द्वारा भारत स्काउट गाइड का 75वां स्थापना दिवस करीतगांव में मनाया गया । बस्तर जिला स्काउट गाइड के संगठन आयुक्त दसरू राम यादव सर ने बताया कि 75वें स्थापना दिवस पर करीतगांव में प्रश्नोत्तरी, रंगोली बनाओ और पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह आयोजन सशक्त युवा विकसित भारत थीम पर रखा गया था । जिस पर अतिथियों और शिक्षकों को स्थापना दिवस का फ्लैग लगाकर कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में जिला आयुक्त जिला शिक्षा अधिकारी बलिराम बघेल कहा कि बस्तर जिले के स्काउट गाइड संघ मुख्य आयुक्त संतोष पांडे के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन कर सभी स्कूलो में स्काउट गाइड मास्टर बनाया गया है। और अधिक से अधिक युवाओं को स्काउटिंग से जोड़ने का लक्ष्य है। दसरू राम यादव ने करीतगॉव स्काउट गाइड टीम के कार्यों की सरहाना की । इस अवसर पर स्काउट के बच्चों ने अंधविश्वास भगाओ, विज्ञान अपनाओं पर एक नाटिका प्रस्तुत की। कार्यक्रम का संचालन करीतगांव के स्काउट मास्टर रियाज अली और गाइड मास्टर कु सुनीता डहेरिया ने किया। इस अवसर पर सेजस करीतगॉव के बच्चों के साथ समस्त स्टाफ सहित प्राचार्य उपस्थित रहे।

# चयनित कबड्डी खिलाड़ियों को कलेक्टर ने दी अग्रिम बधाई



बीजापुर। 24वीं राज्य स्तरीय कबड्डी शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता बिलासपुर में 21 सितम्बर से 24 सितम्बर तक आयोजित हुआ जिसमें अंडर 17 बालिका वर्ग बस्तर की टीम प्रथम स्थान पर रहा जिसमें बीजापुर कस्तूरबा गांधी के छात्रा शामिल थे झरना उर्षा, निर्मला ताती का राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है जिसका आयोजन नरसिंहपुर मध्यप्रदेश में 16 नवम्बर से 20 नवम्बर तक होना है। अंडर 19 बालिका वर्ग में प्रियंका मंडावी का राष्ट्रीय प्रतियोगिता में चयन हुआ है जिसका आयोजन 07 दिसम्बर से 11 दिसम्बर तक भिवानी हरियाणा में आयोजित होना है ये सभी खिलाड़ी को कलेक्टर संबित मिश्रा ने जीत की अग्रिम बधाई दी।

## शपथ पत्र

मैं मुकेश कुमार उम्र 24 वर्ष पिता पिलाराम कश्यप, निवासी 114 कलार पारा नेगानार तहसील दरभा जिला बस्तर छ.ग. शपथ पूर्वक निम्न कथन व्यक्त करता हूं-

1. यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है।
2. यह कि ड्रायविंग लाईसेंस में मेरा नाम Mukesh Kumar Kashyap S/o. Pilaram Kashyap, R/o. H N 114 Neganar Darbha Bastar C.G. अंकित है। जिसका ड्रायविंग लाईसेंस नंबर CG17 20190001783 है। उक्त ड्रायविंग लाईसेंस में कुछ त्रुटियां है।
3. यह कि आधार कार्ड में मेरा नाम - Mukesh Kumar S/o. Pilaram Kashyap R/o114 Kalar Para, Neganar, Tehsil Darbha, Dist. Bastar (C.G.) अंकित है जिसका आधार नंबर 6736 9372 4588 है।
4. यह कि मैं अपने ड्रायविंग लाईसेंस में अंकित नाम- Mukesh Kumar Kashyap S/o. Pilaram Kashyap, R/o. H N 114 Neganar Darbha Bastar C.G. के स्थान पर Mukesh Kumar S/o. Pilaram R/o. 114 Kalar Para, Neganar, Tehsil Darbha, Dist. Bastar (C.G.) दर्ज करवाना चाहता हूँ। जिसके समर्थन में यह शपथ पत्र प्रस्तुत कर रहा हूं।

शपथकर्ता

## शपथ पत्र

मैं केशमती पिता सादूराम आयु-28 वर्ष जाति-मुरिया पता-भेजा, तहसील-लोहण्डीगुड़ा जिला-बस्तर छ.ग. कि निवासिनी हूं, जो कि शपथपूर्वक निम्न कथन व्यक्त करती हूं कि :-

1. यह कि मैं उपरोक्त पते की निवासिनी हूं।
2. यह कि मैंने B.Sc. Nursing की पढ़ाई लोहण्डीगुड़ा से की हूं, जिसका रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट को Renewal करवाने के लिए मैं Original Registration को जगदलपुर Post Office में 16/07/2024 को रायपुर संचालनालय में भेजी थी।
3. यह कि रायपुर संचालनालय से Renewal होकर मेरे Address भेजा, पोस्ट बिन्ता दिनांक 12/08/2024 को भेजा गया है। लोहण्डीगुड़ा पोस्ट ऑफिस से कहीं गुम हो गया है।
4. यह कि Traking id.ECB 53335327 से Track करने से पता चला कि 30/08/2024 को पोस्ट ऑफिस पहुंच गया है, परंतु आज दिनांक 05/11/2024 तक मुझे अप्राप्त है। उपरोक्त तथ्यों की पुष्टि एवं मेरे BSc. Nursing Registration Certificate की द्वितीय प्रति प्राप्त करने के समर्थन में यह शपथ पत्र प्रस्तुत है।

शपथकर्ती

## शपथ पत्र

मैं अशोक कुमार शोरी (ASHOK KUMAR SHORI) पिता श्री राम प्रसाद शोरी (RAM PRASAD SHORI) निवासी 282 बांसमुण्डा घेरा 2. वीरसावरकर वॉर्ड 05, जगदलपुर, बस्तर, छत्तीसगढ़, 494001 निम्न कथन व्यक्त करता हूं :-

(1) यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है।
(2) यह कि मेरा ड्रायविंग लायसेंस क्रमांक CG17 20100004261 जारी दिनांक 22-01-2010 हैं।
(3) यह कि मेरा ड्रायविंग लायसेंस में मेरा व मेरे पिता का नाम अशोक कुमार शोरी (ASHOK KUMAR SHORI) पिता राम प्रसाद सोरी (RAM PRASAD SORI) अंकित है जिसमें पिता का उपनाम में त्रुटी है। यह कि मेरे सभी दस्तावेजों व आधार कार्ड में मेरा व मेरे पिता का नाम अशोक कुमार शोरी (ASHOK KUMAR SHORI) पिता श्री राम प्रसाद शोरी (RAM PRASAD SHORI) दर्ज है जो सही है।
(4) यह कि ड्रायविंग लायसेंस में मेरा पता वीर सावरकर वॉर्ड जगदलपुर, बस्तर छत्तीसगढ़ अंकित है जो कि अपूर्ण हैं मेरा पूर्ण पता 282 बांसमुण्डा घेरा 2 वीरसावरकर वॉर्ड 05 जगदलपुर, बस्तर, छत्तीसगढ़ 494001 है।
(5) यह कि उपरोक्त दोनों नाम वाले व्यक्ति एक ही है। मैं यह शपथ पत्र ड्रायविंग लायसेंस में मेरे पिता का उपनाम एवं पता सुधारने हेतु प्रस्तुत कर रहा हूं।

शपथकर्ता

Gomti THRESHERS
किसान की पसंद
6 &7 फेन
बुकिंग प्रारंभ
पैडी मल्टीक्राप थ्रेशर
7 पंखों वाला थ्रेशर मात्र 2 लाख से प्रारंभ
4 चक्का एवं 2 चक्का ट्राली भी उपलब्ध
पैरा दूर फेंके
उत्तम धान निकासी
शून्य रखरखाव
एक्सचेंज एवं फाईनेंस सुविधा उपलब्ध
गोमती एग्रो इण्डस्ट्रीज, रायपुर (छ.ग.) 8819840000

Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुवैद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

Trust the Expert
DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC
डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर)
(गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं
मुहांसे ❖ सोरायसिस ❖ स्किन एलर्जी ❖ पिगमेंटेशन
विटिलिगो/ ल्यूकोडरमा ❖ पीआरपी थेरेपी ❖ एलोपेसिया
अर्टीकेरिया ❖ फंगल इनफेक्शन ❖ टेली कंसलटेशन ❖ लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.)
0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

## पैरा टैक्सोनामी कोर्स का प्रशिक्षण 13 से

**जगदलपुर।** बस्तर के युवाओं के कौशल उन्नयन हेतु पैरा टैक्सनोमी एवं जैव विविधता संरक्षण पर प्रशिक्षण वन विभाग की अनूठी पहल के तहत वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य जैव विविधता बोर्ड रायपुर द्वारा भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण संस्थान कोलकाता के संयुक्त तत्वाधान में 13 से 27 नवंबर तक 15 दिवसीय पैरा टैक्सनोमी एवं जैव विविधता संरक्षण पर युवाओं को प्रशिक्षण वन विभाग जगदलपुर वृत्त के वन विद्यालय में दिया प्रस्तावित है। प्रशिक्षण के प्रेरणाश्रोत मंत्री वन एवं जलवायु परिवर्तन केदार कश्यप के प्रेरणा और प्रधान मुख्य वन संरक्षक व्ही श्रीनिवास राव, राज्य जैव विविधता बोर्ड के अध्यक्ष राकेश चतुर्वेदी, सचिव राजेश चंदेले, जगदलपुर के मुख्य वन संरक्षक रमेश चन्द्र दुग्गा के मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण संस्थान कोलकाता के वरिष्ठ वैज्ञानिकों द्वारा दिया जाएगा।

## डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र बनाने का अभियान शुरू

**जगदलपुर।** विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र 3.0 के तहत बस्तर संभाग के अंतर्गत समस्त प्रधान डाकघर, उपडाकघर, शाखा डाकघर में इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक के एंडयूजर द्वारा पेंशनभोगियों के पेंशन भुगतान के लिए डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र बनाने का अभियान शुरू किया गया है। बस्तर संभाग के अधीक्षक डाकघर ने बताया कि प्रत्येक डाकघर में डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र बनाने का शिविर लगाया गया है। डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र बनवाने का शुल्क मात्र 70 रूपए निर्धारित किया गया है। आम दिनों में भी डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र बनवाने हेतु अपने निकट डाकघर में संपर्क कर सकते है, निःशक्त पेंशन धारक चलने-फिरने में असमर्थ है उनके लिए इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक द्वारा घर पहुंच सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

## फूड्स एवं कंसलटेंसी सर्विसेज का भ्रमण



**जगदलपुर।** शासकीय दंतेश्वरी स्नाकोत्तर महिला महाविद्यालय के वाणिज्य संकाय की छात्राओं को तहसीन सुलताना व जीविदा कोसले के मार्गदर्शन में बस्तर फूड्स एवं कंसलटेंसी सर्विसेज का भ्रमण कराया गया। बस्तर फूड्स फर्म एक मध्यम वर्गीय उद्योग की ईकाई है जहां महुआ से निर्मित चाय, लड्डू, कूकीज़ अनेक व्यंजन, उत्पाद शामिल हैं जो स्वास्थ्य के लिए लाभप्रद है और उसकी एकल स्वामित्व रजिया शेख हैं जो एक दक्ष उद्यमिता के रूप में पहचानी जाती है। उन्होंने बताया कि उद्यमिता बेरोजगारी के निवारण यंत्र है और इच्छुक युवा निरंतर मेहनत से अपना स्टार्ट अप शुरू कर सकता है। भारत सरकार की कई नीतियों से भी सहयोग प्रदान की जाती है तथा फर्म कैसे लाभ कमाती है इत्यादि के बारे में जानकारी साझा की। उन्होंने अपने फर्म की शुरूआत 200 रूपये से की और कोरोना के दौरान जूझते हुए सफलता की ओर अग्रसर हुई। प्रधानाचार्य डॉ. अनामिका झा ने व्यावसायिक सिद्धांतों का व्यवहारिक ज्ञान छात्राओं को देने के लिए प्रोत्साहित किया।

### जोन स्तरीय बस्तर ओलंपिक का भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं विधायक ने किया शुभारंभ

# मानसिक, शारीरिक विकास के लिए खेल जरूरी : देव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर






मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर बस्तर ओलंपिक का आयोजन किया जा रहा है जिसके माध्यम से बस्तर क्षेत्र के युवाओं को खेलों के माध्यम से विकास की मुख्य धारा से जोड़ने का प्रयास है। इसमें नक्सल हिंसा में दिव्यांग व्यक्तियों और आत्मसमर्पित नक्सलियों को विशेष प्रोत्साहित किया जा रहा है। बस्तर क्षेत्र के 1 लाख 65 हजार से अधिक लोगों ने बस्तर ओलंपिक में भाग लेने के लिए अपना पंजीयन करवाया है। ओलंपिक में विकासखण्ड, जिला और संभाग स्तर पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाना है। इसी तारतम्य में विकासखंड में जोन स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है बस्तर जिले के जगदलपुर विकासखंड में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव द्वारा बस्तर ओलंपिक का शुभारंभ किया गया। उन्होंने फुटबॉल के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उन्हें शुभकामनाएं दी और फुटबॉल को किक मारकर गोल करते हुए प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। आई कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक देव ने कहा कि बस्तर के युवाओं में कई विधाओं में प्रतिभा कूट-कूट कर भरा है। खेल एक माध्यम है जो व्यक्ति के मानसिक, शारीरिक विकास के साथ-साथ नाम कमाने और रोजगार के अवसर देता है। बस्तर ओलंपिक प्रतियोगिता तीन स्तरीय प्रतियोगिता है, इसके लिए संभाग से एक लाख 65 हजार से अधिक खिलाड़ियों ने पंजीयन करवाया है।

इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य धरमूराम मंडावी, यशवर्धन राव, रामाश्रय सिंह, मंडल अध्यक्ष सुब्रतो बिस्वास, मंडल अध्यक्ष सतीश सेठिया, राजपाल कसेर, एसडीएम भरत कौशिक, खेल अधिकारी राजेंद्र डेकाटे, जिला शिक्षा अधिकारी बलिराम बघेल, जनपद सीईओ अमित भाटिया, संबंधित क्षेत्र के शिक्षा विभाग के अधिकारी- शिक्षक और खिलाड़ी, खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

### खिलाड़ियों को किया भोजन वितरण

विधायक ने प्रतियोगिता में जगदलपुर और आड़ावाल के मध्य फुटबॉल प्रतियोगिता में खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुति दी, विधायक ने प्रोत्साहन स्वरूप राशि भी छात्राओं को दिए। विधायक ने प्रतियोगिता स्थल पर मेडिकल सुविधा और भोजन व्यवस्था का भी अवलोकन कर खिलाड़ियों को भोजन वितरण किया और स्वयं ने भी खिलाड़ियों के साथ दोपहर का भोजन किया। उन्होंने चार दिनों तक चलने वाली प्रतियोगिता में खिलाड़ियों को आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश आयोजकों को दिए।

# नो-पॉर्किंग व ओव्हरलोड वाहनों पर उड़नदस्ता कर रही सख्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



- सड़क किनारे खड़ी ट्रकों से आवागमन में हो रही परेशानी

परिवहन विभाग के उड़नदस्ता प्रभारी की टीम वर्तमान में बस्तर संभाग के सभी सड़कों में नो-पॉर्किंग एवं ओव्हरलोड वाहनों पर सख्ती कर रही है। इसके अलावा ट्रकों में रेत, गिट्टी, मुरूम परिवहन करने से दूसरे वाहनों लोगों परेशानी हो रही है, ऐसे ट्रकों पर जुर्माना किया जा रहा है। साथ ही सीमावर्ती राज्यों ओडिशा, आंध्रप्रदेश एवं तेलंगाना की वाहनों बेखौफ परिवहन नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं। इस पर परिवहन विभाग के आयुक्त के निर्देश पर उड़नदस्ता प्रभारी की टीम ऐसे वाहनों की जांच की जा रही है। लालबाग, आनंद ढाबा, बोधघाट एवं एनएच, सरगीपाल रोड के दोनों ओर नो-पार्किंग में ट्रकों के खड़ी रखने से जहां दुर्घटना की संभावना रहती है और आवागमन जाम से लोगों को परेशानी हो रही है। इस पर उड़नदस्ता प्रभारी की टीम ने कार्रवाई की जा रही है। साथ ही स्कूल बसों की भी जांच की जा रही है, स्कूल प्रबंधन को नोटिस दिया जाएगा।

### हो रही कार्रवाई

परिवहन विभाग के उड़नदस्ता प्रभारी एवं निरीक्षक अनुपम पटेल ने बताया कि जांच के दौरान कार्रवाई की जा रही है। दूसरी बार परिवहन नियमों का उल्लंघन करने पर वाहन जप्त कर कोर्ट भेजा जाएगा।




# डिमांडनोट का भुगतान पर नहीं कटे चिन्हित पेड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- पेड़ व अतिक्रमण के चलते पुल निर्माण कार्य अधर में

लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण द्वारा शहर के किनारे स्थित खड़कघाट में उच्चस्तरीय पुल का निर्माण कार्य किया जा रहा है। इसके लिए वन विभाग ने 41 पेड़ों को चिन्हित किया गया, जिसके लिए सेतु निर्माण ने वन विभाग को डिमांडनोट का भगुतान कर दिया गया पर वन विभाग ने अब तक चिन्हित पेड़ों की कटाई का कार्य शुरू नहीं किया गया। बताया जा रहा है कि पेड़ एवं अतिक्रमण के चलते पुल का निर्माण कार्य अधर में है। साथ ही दोनों ओर से सर्विस रोड होना था पर एक ओर का सर्विस रोड अब तक शुरू नहीं हो सका। यहीं कारण है कि पुराने पुल से जाने एवं आने वालों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### शीघ्र हटेगा अतिक्रमण

सेतु निर्माण संभाग जगदलपुर के एसडीओ श्रीनिवास कोराम ने बताया कि पेड़ कटाई के लिए वन विभाग के अधिकारियों से चर्चा हो रही है। साथ ही अतिक्रमण हटाने के लिए शीघ्र ही राजस्व विभाग कार्रवाई की जाएगी।

## चित्रकोट ओडिशा की एकतरफा जीत, कोलकाता को 2 गोल से किया पराजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

जिला फुटबॉल संघ के तत्वाधान में आयोजित 11 दिवसीय अखिल भारतीय फुटबॉल स्पर्धा के तीसरे दिन खेला गया पहला मैच एकतरफा साबित हुआ। कोलकोता व चित्रकोट ओडिशा के मध्य खेले गए मुकाबले में चित्रकोट ने कोलकोता को दो गोल से पराजित किया। चित्रकोट की ओर से जर्सी नम्बर 15 अमित ने मैच के 83 वें मिनट में पहला गोल व जर्सी नम्बर 4 साइदूल ने मैच के 89 मिनट में दूसरा गोल किया इसके मुकाबले निर्धारित समय तक कोलकोता की टीम कोई गोल नहीं कर सकी। इस मैच में मुख्य निर्णायक विजय के अलावा उमाशंकर दीपक, दीपक डहरिया व प्रफल्ल कुमार रहे। स्पर्धा का दूसरा मुकाबला डीएफए बस्तर विरूध कोटपाड़ के मध्य खेला गया। निर्धारित समय तक दोनों टीम 2-2 गोल से बराबरी पर रही। कोटपाड़ की ओर से जर्सी नम्बर 4 मोहन ने मैच के 13 वें मिनट में अपनी टीम के लिए पहला गोल किया वहीं जर्सी नम्बर 6 सागर ने मैच के 27 वें मिनट में अपनी टीम के लिए दूसरा गोल किया। इसके जवाब में डीएफए बस्तर की ओर से जर्सी नम्बर 6 रोहित ने मैच के 63 वें मिनट में पहला व जर्सी नम्बर 15 जयराम ने मैच के 86 वें मिनट में दूसरा गोल कर बराबरी की। निर्धारित समय तक दोनों टीमें 2-2 गोल से बराबरी पर रही जिसके बाद मुख्य निर्णायक द्वारा पेनाल्टी शूट आउट का फैसला लिया7 पेनाल्टी शूटआउट में कोटपाड़ की ओर से बिन्कू, तुटू, बिन्कु व राक्सी व डमरू ने 6 गोल किए जबकि बस्तर की ओर से राजिम, अमित, जयराम, आयुश व रोहित ने गोल किया। इस मुकाबले को कोटपाड़ की टीम 6-5 से जीतने में कामयाब रही।

स्पर्धा के चौथे दिन दो मुकाबले होने है। पहला मुकाबला महाराष्ट्र विरूध तमिलनाडू के बीच होगा जबकि दूसरा मुकाबला चित्रकोट ओडिशा विरूध दंतेवाड़ा के टीम के बीच होना है।

# विकास के कार्य में किसी प्रकार की कमी नहीं की जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर





शनिवार को शहर के डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड के मोहन नगर में पार्षद संजय पांडे के नेतृत्व में वार्डवासियों द्वारा अटल उद्यान में एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव सहित चित्रकोट विधायक विनायक गोयल शामिल हुए।

- किरण देव ने नवनिर्मित अटल उद्यान का किया अवलोकन
- प्रदेशाध्यक्ष और विधायक गोयल ने किया पौधरोपण
- वार्डवासियों की मांगों को पूरा कराने का करेंगे प्रयास

देव ने सल्फी का पौधा, गोयल ने कार्डिया सब्सटिना, महापौर ने पारिजात एवं संजय पांडे ने अपने पिता की स्मृति एवं माता के नाम में शमी एवं पारिजात के पौधे का रोपण किया। वार्डवासियों ने भी अपनी बुजुर्गों की स्मृति में चंदन नारियल बेल नीम मौलश्री कनेर स्वर्ण चम्पा आंवला रबर आदि प्लांटों का पौधारोपण किया। विधायक देव एवं अन्य अतिथियों ने पार्षद संजय पांडे के माता पिता के नाम पर भी पौधारोपण किया। किरण देव ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड में 55 लाख रुपए से नवनिर्मित अटल उद्यान का अवलोकन किया।

इस अवसर पर वार्ड वासियों ने सभी अतिथियों को शॉल एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया। उपरोक्त कार्यक्रम में बीजेपी पार्षद दल सहित भाजपा पदाधिकारी श्रीनिवास मिश्रा, श्रीधर ओझा, रामाश्रय सिंह, रंजीत पांडे, नगर मंडल अध्यक्ष सुरेश गुप्ता, यशवर्धन राव, श्वेता बघेल राजपाल कसेर त्रिवेणी रंधारी, ममता पोटाई, शंभू नाग, धन सिंह नायक, संग्राम सिंह राणा, शशिनाथ पाठक, योगेश शुक्ला, संतोष बाजपेई, स्वच्छता एम्बेसडर और एन पांडेय लक्ष्मण झा सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी मौजूद थे।

### लोगों के लिए सौगात

विधायक ने संजय पांडे की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने अपने पूरे वार्ड को सबसे सुंदर वार्ड में बदल दिया है, उन्होंने यह भी कहा कि विकास के कार्य में किसी प्रकार की कमी नहीं की जाएगी। अटल उद्यान इस क्षेत्र के लोगों के लिए एक सौगात है। देव ने सर्व सुविधा युक्त उद्यान के लिए बधाई प्रेषित करते कहा उद्यान के निर्माण वार्ड वासियों को स्वास्थ्य की दृष्टि से बेहद लाभदायक सिद्ध होगा। उन्होंने पार्षदों से अपील करते हुए कहा कि वह भी अपने अपने वार्डो में अटल उद्यान की तर्ज पर उद्यान विकसित करें।

### शेड निर्माण की मांग

विधायक गोयल ने कहा कि वह इस वार्ड के विकास के संबंध में जो भी मांग वार्डवासियों की होगी वह उसे पूरा कराने का प्रयास करेंगे। अटल उद्यान के लोकार्पण कार्यक्रम में वह स्वास्थ्य कारणों की वजह से शामिल नहीं हो पाए थे परन्तु अब उन्हें एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण का अवसर प्रदान किया गया। वार्डवासियों ने अटल उद्यान में स्थापित ओपन जिम पर शेड निर्माण और हाई मास्क लाइट की मांग की, जिसका आश्वासन विधायक ने दिया है। गोयल ने वार्ड वासियों को प्रस्ताव भेजने पर मंडी बोर्ड मद से राशि स्वीकृत करने का आश्वासन दिया।

### उचित देखभाल करें

पार्षद संजय पांडे ने अपने संबोधन में आगंतुक सभी अतिथियों और वार्ड वासियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस अटल उद्यान के निर्माण में विधायक, महापौर, अमृत मिशन और पार्षद निधि के तरह विकास कार्य करवाए गए हैं। उन्होंने कहा कि अटल उद्यान की वार्डवासी उचित देखभाल करें और मेंटेनेंस में ध्यान दें और मेंटनेंस के लिए शुल्क भी तय करें।




# नाली सफाई करने वाले से कराया बिजली का काम हैंडपंप की सफाई करने वाला बनवाता है सड़क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बकावंड

बकावंड जनपद के ग्राम पंचायतों में नाली सफाई करने वाला स्ट्रीट लाईट का भी काम कर लेता है और हैंडपंपों के आसपास की सफाई करने वाला सड़क भी बना लेता है। ग्राम पंचायत द्वारा किए गए भुगतान के दस्तावेज यह कहानी बयां कर रहे हैं। केंद्र और राज्य सरकार की मंशा रहती है कि उनके भेजे फंड का सदुपयोग हो और सारे कार्यों में पारदर्शिता हो, मगर ऐसा हो नहीं रहा है। फर्जी बिल लगाकर सरपंच सचिव मनमानी कर रहे हैं। बिल भी ऐसे ऐसे कि सीमेंट की दुकान से स्टेशनरी ख़रीदी जा रही है और किराना दुकान से रेत एवं लोहा, फर्नीचर दुकान से पेंटिंग का सामान खरीदने के बिल पोर्टल में लगे नजर आ रहे हैं और भुगतान भी दर्शाया गया है। फर्जी बिलों से फर्जी भुगतान लिया जा रहा है। ग्राम पंचायत फरसीगांव, बेड़ाउमरगांव, राजनगर, बड़े देवड़ा, बकावंड पंचायतें 15वें वित्त, मूलभूत मद, स्वच्छ भारत मिशन और महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना, डीएमएफ योजनाओं के फर्जी बिलों को पोर्टल पर अपलोड करना आम बात हो गई है। सचिव सरपंच द्वारा हजारों के बिलों को अपलोड कर आम जनता को भ्रमित किया जा रहा है। ग्रामवासी अगर सचिव से पूछते हैं कि किस सामग्री का बिल लगा है तो सचिव जवाब देते है नेट से निकाल लीजिए। जब पंचायत में नाली निर्माण, मरम्मत, साफ-सफाई, सोख्ता गड्ढा, हैंडपंप मरम्मत, स्ट्रीट लाइन एवं पाइप लाइन विस्तार जैसे काम जमीनी स्तर पर नहीं हो रहे हैं। बिल में भुगतान के नाम पर सरपंच, सचिव के रिश्तेदार, परिवार के किसी सदस्य या सरपंच के खाते में रुपयों को स्थानांतरण किया जा रहा है। मनीष सेठिया नामक व्यक्ति को नाली सफाई के नाम पर 49 हजार 500 और इसी व्यक्ति को स्ट्रीट लाइट विस्तार के नाम पर फिर 49 हजार 500 रुपयों और गली सड़क मरम्मत के नाम पर इतनी ही रकम का भुगतान करना दर्शाया गया है। इससे लगता है कि एक ही व्यक्ति हर तरह के कार्य करने में दक्ष है और हर कार्य की राशि 49 हजार 500 रुपए होना भी संदेह को जन्म देता है। इसी तरह मोहन लाल भारती नामक व्यक्ति को बोरगुड़ा से राजनगर तक सीसी सड़क निर्माण की मजदूरी के 36 हजार रुपए और हैंडपंप के आसपास की सफाई के एवज में 21 हजार रुपए का भुगतान दिखाया गया। हेमनाथ पटेल को बोरगुड़ा -राजनगर सीसी सड़क निर्माण की मजदूरी राशि 20 हजार रुपए और हैंडपंप के आसपास की सफाई कार्य के 10 हजार रुपए का भुगतान करना दिखाया गया है। पंचायतों के कर्मचारियों के काले कारनामों या फर्जी बिल की कभी जांच नहीं की जाती।

### होगी कार्रवाई

सरकारी फंड का दुरूपयोग और फर्जी बिल लगाकर राशि हड़पना बड़ा अपराध है। सरपंच और सचिव ऐसा फर्जी काम कर रहे हैं, तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। -एसएस मंडावी, सीईओ, जपं बकावंड

